पत्रांक – मं०-08/रा०शो०-11-09/2024 – 1136

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक

अमृत लाल मीणा,
मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव।
सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना-15, दिनांक- 27 दिसम्बर, 2024

विषय :- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ० मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिवसीय राजकीय शोक घोषित करने के सम्बंध में।

महाशय,

अपार शोकातुरता के साथ सूचित करना है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के संवाद सं०-3/2/2024-Public दिनांक-26.12.2024 से प्राप्त सूचना के अनुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह का निधन एम्स, नई दिल्ली में दिनांक 26.12.2024 को हो गया है। दुःखद संवेदना के इस क्षण में तद्नुसार राज्य सरकार द्वारा स्व० डॉ० मनमोहन सिंह के सम्मान में दिनांक 26.12.2024 से 01.01.2025 तक (कुल सात दिनों का) राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है।

दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय शोक की अवधि में राष्ट्रीय ध्वज उन सभी भवनों पर आधा झुका रहेगा, जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है। इस अवधि में कोई राजकीय समारोह एवं सरकारी मनोरंजन से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

विश्वासभाजन,

27.12.24

(अमृत लाल मीणा)
मुख्य सचिव।

पटना विश्वविद्यालय

ज्ञाप संख्याः- स्था0/1036

दिनांक 28/12/2024

प्रतिलिपिः- (1) सभी संकायों के संकायाध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, पटना (2) सभी स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, पटना (3) सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, पटना विश्वविद्यालय, पटना (4) सभी संस्थानों के निदेशक, पटना विश्वविद्यालय, पटना (5) सभी छात्रावासों के अधीक्षक, पटना विश्वविद्यालय, पटना (6) सभी सम्बद्ध इकाईयों के नियंत्री पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, पटना (7) सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, पटना (8) सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, पटना (9) प्रभारी पदाधिकारी, आई0 टी0 सेल, पटना विश्वविद्यालय, पटना अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु, (10) कुलपति के सचिव, पटना विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/12/2024
कुलसचिव
पटना विश्वविद्यालय

office order 158

28.12.24